पूसा संस्थान में पूसा इंस्टीट्यूट लेडिज असोशिएशन (PILA) द्वारा महिला वाकाथन का आयोजन

दिनांक 23 अप्रेल 2023 को प्रातः 8:00 बजे पूसा संस्थान में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने हेतु एक वाकाथन का आयोजन किया गया। इस वाकाथन में लगभग 50 महिलाओं ने भाग लिया और उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता और शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखने पर बल दिया। साथ ही, प्रतिभागियों ने प्रातः कालीन सैर, व्यायाम और योगाभ्यास के महत्व को बताया और संस्थान के निवासियों को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। स्वास्थ्य लाभ को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे आयोजनों को सफल बनाने के लिए और इस संदेश को घर-घर पहुंचाने के लिए आयोजित इस वाकाथन के दूरगामी परिणाम संस्थान के लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षेत्र पर क्षमता बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। वॉकथॉन पूसा कृषि हाट के परिसर में समाप्त हुआ, जहां प्रतिभागियों ने किसानों द्वारा घर के बने उत्पादों का आनंद लिया। मूल्य वर्धन उद्यमों में लगे किसान समूहों और संगठनों को बढ़ावा देने के लिए आई॰ए॰आर॰आई॰ में कृषि हाट शुरू किया गया है।

इस अवसर पर पूसा इंस्टिट्यूट लेडीस एसोसिएशन (पीला) की अध्यक्ष श्रीमती रेनू सिंह ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रतिस्पर्धा में भाग ले ले लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यपूरक कार्यक्रमों का आयोजन करने पर एक रूपरेखा बनाने की मंशा जाहिर की।

श्रीमती सिंह ने संस्थान के समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों तथा इनके परिवारों से इस संस्थान को हरित, स्वच्छ, स्वस्थ, एवं आकर्षित बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।